सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या—**cm-373**
22/08/2018

पूर्व केन्द्रीय मंत्री गुरूदास कामत के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना 22 अगस्त, 2018 :— मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री गुरूदास कामत के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि गुरूदास कामत एक प्रखर वक्ता और शानदार व्यक्तित्व के साथ ही सांगठनिक क्षमता से परिपूर्ण थे। उन्होंने छात्र राजनीति से ही अपना सफर शुरू किया था। वे सदैव लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा हेतु समर्पित रहे। उनका निधन राजनीति एवं सामाजिक जगत के लिये एक अपूरणीय क्षति है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों एवं समर्थकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******